# स्वास्थ्य कवरेज तथा चिकित्सीय शब्दों की शब्दावली

- इस शब्दावली में बहुत से आमतौर पर प्रयुक्त होने वाले शब्द हैं, लेकिन यह पूर्ण सूची नहीं है। ये शब्दावली के शब्द तथा परिभाषाएं शिक्षा के लिए अभीष्ट हैं तथा आपके प्लान में शब्दों और परिभाषाओं से भिन्न हो सकते हैं। हो सकता है कि आपकी पॉलिसी या प्लान में प्रयुक्त किए जाने पर इनमें से कुछ शब्दों का अर्थ ठीक उनके अर्थ के समान ना हों, और ऐसे किसी भी मामले में पॉलिसी या नियंत्रक प्लान का अर्थ प्रभावी होगा। (आप अपने लाभों की पुस्तिका की एक प्रति सीएटल के छात्रों के लिए https://student.lifewiseac.com/uw/ship/ से तथा बोथेल/टकोमा के छात्रों के लिए https://student.lifewiseac.com/uw/bt से प्राप्त कर सकते हैं)
- गहरा नीला पाठ्य इस शब्दावली में परिभाषित शब्द को दर्शाता है।


**अनुमत राशि**
कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए भुगतान पर आधारित अधिकतम राशि इसे "पात्र खर्च," "भुगतान भत्ता" या "सहमत दर" भी कहा जा सकता है। यदि आपका प्रदाता अनुमत राशि से अधिक राशि प्रभारित करता है, तो आपको शेष राशि का भुगतान करना पड़ सकता है। (बकाया राशि की बिलिंग देखें।)

**अपील**
LifeWise को निर्णय या परिवाद का फिर से पुनरावलोकन करने के लिए अनुरोध।

**कैम्पस क्लीनिक**
प्रदाता के स्थान जहाँ सर्वोच्च स्तर के बीमा लाभ प्रदान किए जाते हैं। आप LifeWise पुस्तिका के पृष्ठ 1 पर अपने कैंपस क्लीनिक को पा सकते हैं।


**दावे**
प्रदाता द्वारा सीधे प्लान के लिए बिल ना करने पर आरोपित खर्चों के लिए क्षतिपूर्ति हेतु Lifewise को सदस्य द्वारा एक औपचारिक अनुरोध। आप Lifewise को उनकी वेबसाइट पर पाए गए चिकित्सा दावा फॉर्म को प्रस्तुत करके दावे को दर्ज कर सकते हैं।

**सह-बीमा**
कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवा की लागतों के आपके हिस्से की गणना, सेवा के लिए अनुमत राशि के प्रतिशत (उदाहरण के लिए, 25%) के रूप में की जाती है। आप सह-बीमा तथा देय किसी भी छूट राशि का भुगतान करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी कार्यालय में विजिट के लिए स्वास्थ्य बीमा या प्लान की अनुमत राशि $100 है और आपने कटौती योग्य राशि का भुगतान कर दिया है, तो आपके सह-बीमा भुगतान का 25% $25 होगा। स्वास्थ्य बीमा या प्लान बाकी अनुमत राशि का भुगतान करता है। (विस्तृत उदाहरण के लिए पृष्ठ 4 देखें।)




**सह-भुगतान**
एक निश्चित राशि (उदाहरण के लिए $20) का भुगतान आप कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवा के लिए, सामान्यतः सेवा प्राप्त करते समय, करते हैं। आप अधिकांशतः फार्मेसी सेवाओं के लिए सह-भुगतान करेंगे।

**कटौती योग्य राशि**
जो राशि आपके द्वारा स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए देय है उसे LifeWise आपके स्वास्थ्य बीमा या प्लान द्वारा भुगतान शुरू करने से पहले कवर करता है। उदाहरण के लिए, यदि आपकी कटौती योग्य राशि $100 है, तो आपका प्लान तब तक कोई भुगतान नहीं करेगा जब तक आप कटौती योग्य राशि के अधीन कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए $100 की कटौती योग्य राशि खर्च ना करें। कटौती योग्य राशि सभी सेवाओं के लिए लागू नहीं हो सकती है।




(विस्तृत उदाहरण के लिए पृष्ठ 4 देखें।)

**आपातकालीन चिकित्सीय स्थिति**
किसी बीमारी, चोट, लक्षण या हालत का इतना गंभीर होना कि भारी नुकसान टालने के लिए किसी विवेकी व्यक्ति तुरंत देखभाल प्राप्त करनी पड़े।

**आपातकालीन चिकित्सीय परिवहन**
आपातकालीन चिकित्सीय हालत के लिए एम्बुलेंस सेवाएं।

**आपातकालीन कक्ष देखभाल**
ऐसी आपातकालीन सेवाएं जो आपको आपातकालीन कक्ष में मिलती हैं।

**आपातकालीन सेवाएं**
हालत को बदतर होने से बचाने के लिए आपातकालीन चिकित्सीय हालत का मूल्यांकन तथा उपचार।

**छोड़ी गयी सेवाएं**

स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं जिनका LifeWiseभुगतान नहीं करता है या कवर नहीं करता है। आप ISHIP लाभ पुस्तिका में छोड़ी गयी सेवाओं की सूची पा सकते हैं।

**परिवाद**

एक शिकायत जिसे आप LifeWise को संप्रेषित करते हैं।

**स्वास्थ्य बीमा**

एक अनुबंध जिसके अंतर्गत आपके स्वास्थ्य बीमाकर्ता को प्रीमियम के बदले में आपके स्वास्थ्य देखभाल की कुछ या सभी लागतों का भुगतान करना जरूरी होता है।

**अस्पताल में भर्ती होना**

अस्पताल में ऐसी देखभाल जिसके लिए इनपेशेंट के रूप में भर्ती होना जरुरी ह ै और इसके लिए आमतौर पर रातभर रहना जरुरी होता है। अवलोकन के लिए रातभर रुकना आउटपेशेंट देखभाल हो सकता है।

**अस्पताल में आउटपेशेंट देखभाल**

अस्पताल में देखभाल जिसके लिए सामान्यतः रातभर रुकने की आवश्यकता नहीं होती है।

**इन-नेटवर्क सह-बीमा**

कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए LifeWise के साथ अनुबंध किए गए प्रदाताओं को आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली अनुमत राशि का प्रतिशत (उदाहरण के लिए, 25%)। सामान्यतः इन-नेटवर्क सह-बीमा की लागत नेटवर्क के बाहर के सह-बीमा से कम होती है।

**इन-नेटवर्क सह-भुगतान**

कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए LifeWise के साथ अनुबंध किए गए प्रदाताओं को आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली एक निश्चित राशि (उदाहरण के लिए $20)। सामान्यतः इन-नेटवर्क सह-भुगतान नेटवर्क के बाहर के सह-भुगतान से कम होता है।

चिकित्सीय रूप से आवश्यक

बीमारी, चोट, चिकित्सीय अवस्था, रोग या इसके लक्षणों को रोकने, उनका निदान करने या उपचार करने के लिए आवश्यक और दवाई के स्वीकृत मानकों की पूर्ति करने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ और आपूर्तियाँ।

**नेटवर्क**

सुविधा केन्द्र, प्रदाता तथा आपूर्तिकर्ता जिनके साथ LifeWise ने स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंध किया है।

**वरीयता ना दिए जाने वाला प्रदाता**

ऐसा प्रदाता जिसका आपको सेवा प्रदान करने के लिए आपके स्वास्थ्य बीमाकर्ता या प्लान के साथ कोई अनुबंध नहीं होता है। वरीयता ना दिए जाने वाले प्रदाता से मिलने के लिए आपको ज्यादा राशि का भुगतान करना पड़ेगा। LifeWise के साथ अनुबंध किए हुए प्रदाताओं तथा आपके नेटवर्क में सर्वश्रेष्ठ स्तर की कवरेज प्रदान करने वाले निर्दिष्ट कैंपस क्लीनिक तलाशने के लिए LifeWise वेबसाइट को जाँचें।

**नेटवर्क क े बाहर का सह-बीमा**


कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए LifeWise के साथ अनुबंध ना किए गए प्रदाताओं को आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली अनुमत राशि का प्रतिशत (उदाहरण के लिए, 40%)। नेटवर्क के बाहर सह-बीमा की लागत सामान्यतः इन-नेटवर्क के सह-बीमा से अधिक होती है।

**नेटवर्क के बाहर का सह-भुगतान**

कवर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए LifeWise के साथ अनुबंध ना किए गए प्रदाताओं को आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली एक निश्चित राशि (उदाहरण के लिए, $30)। सामान्यतः नेटवर्क के बाहर सह-भुगतानइन-नेटवर्क सह-भुगतान से अधिक होता है।

**तुरंत देय की सीमा**

पॉलिसी अवधि (शैक्षिक वर्ष) के दौरान अनुमत राशि का LifeWise द्वारा 100% भुगतान शुरू करने से पहले आपके द्वारा भुगतान की गई अधिकतम राशि। इस सीमा में LifeWise द्वारा कवर ना किए गए आपके प्रीमियम, बिल की बकाया राशि प्रभार या स्वास्थ्य देखभाल कभी शामिल नहीं होते। हो सकता है कि LifeWise इस सीमा के प्रति आपके सभी सह-भुगतान, कटौती योग्य राशि, सह-बीमा भुगतान, नेटवर्क के बाहर के भुगतान या अन्य खर्चों की गणना ना करे।




**चिकित्सक सेवाएं**

ऐसी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं जिन्हें एक लाइसेंसप्राप्त चिकित्सीय डॉक्टर (M.D. –मेडीकल डॉक्टर या D.O. –ओस्टियोपैथिक चिकित्सा डॉक्टर) प्रदान करता है या समायोजित करता है।

**प्लान**

ऐसा लाभ जिसे आपका विश्वविद्यालय आपके स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के भुगतान करने हेतु प्रदान करता है।

**प्लान वर्ष**

प्लान की प्रभावी तिथियों से आरंभ और समाप्त होने वाली 12-माह की अवधि। UW प्लान वर्ष शरद ऋतु के तिमाह से शुरू होता है तथा ग्रीष्म ऋतु के तिमाह के समापन पर समाप्त होता है।

**पूर्वप्राधिकरण**

LifeWise का ऐसा निर्णय कि कोई स्वास्थ्य देखभाल सेवा, उपचार प्लान, प्रिस्क्रिप्शन दवाई या टिकाऊ चिकित्सा उपकरण चिकित्सीय रूप से आवश्यक है। इसे कभी-कभी पूर्व-प्राधिकरण, पूर्व अनुमोदन या पूर्वप्रमाणीकरण कहा जाता है। LifeWise आपात स्थिति को छोड़कर कुछ सेवाओं के लिए, आपको प्राप्त होने से पहले, पूर्वप्राधिकरण की मांग कर सकता है। पूर्वप्राधिकार आपके स्वास्थ्य बीमा या प्लान के आपकी लागत को कवर करने का आश्वासन नहीं है।

**वरीय प्रदाता**

एक ऐसा प्रदाता जिसका LifeWise के साथ रियायती दर पर आपको सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंध होता है। आप LifeWise की वेबसाइट पर वरीयता प्राप्त प्रदाताओं कि खोज सकते हैं। आपके प्लान में एक "स्तरीय" नेटवर्क है जिसके द्वारा आप अपने निर्दिष्ट कैंपस क्लीनिक में जाकर सर्वश्रेष्ठ स्तर का कवरेज प्राप्त करते हैं तथा गैर कैंपस क्लीनिक के वरीयता प्रदाता को दिखाए जाने पर निम्नतर स्तर का कवरेज प्राप्त करते हैं।

**प्रीमियम**

वह राशि जिसका आपको स्वास्थ्य बीमा या प्लान के लिए भुगतान करना होगा। आप सामान्यतः इसका भुगतान अपने ट्यूशन विवरण के साथ तिमाही या वार्षिक रूप से करते हैं।

**प्रिस्क्रिप्शन दवाई का कवरेज**

स्वास्थ्य बीमा या प्लान जोप्रिस्क्रिप्शन दवाइयों तथा औषधियों के भुगतान में मदद करता है।

**प्रिस्क्रिप्शन दवाई**

ऐसी दवाइयां और औषधियां जिनके लिए कानूनन प्रिस्क्रिप्शन की जरूरत होती है।

**प्राथमिक देखभाल का चिकित्सक**

एक ऐसा चिकित्सक (M.D. – मेडीकल डॉक्टर या D.O. – ओस्टियोपैथिक चिकित्सा डॉक्टर) जो रोगियों को सीधे बहुत सी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करता है या समन्वित करता है।

**प्राथमिक देखभाल प्रदाता**

राज्य कानून द्वारा अनुमत एक ऐसा चिकित्सक (M.D. – मेडीकल डॉक्टर या D.O. – ओस्टियोपैथिक चिकित्सा डॉक्टर), नर्स प्रैक्टिशनर, क्लिनिकल नर्स विशेषज्ञ या चिकित्सक सहायक जो रोगियों को बहुत सी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करता है, समन्वित करता है या सेवाएँ प्राप्त करने में उनकी मदद करता है।

**प्रदाता**

राज्य कानून द्वारा आवश्यक लाइसेंसधारी, प्रमाणित या मान्यता-प्राप्त चिकित्सक (M.D. – मेडीकल डॉक्टर या D.O. – ओस्टियोपैथिक चिकित्सा डॉक्टर), स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर।

**स्वास्थ्यलाभ सेवाएं**

ऐसी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं जो व्यक्ति के दैनिक जीवन के कौशलों और कार्यात्मकताओं को बनाए रखने, वापस लाने या सुधारने में मदद करती हैं, जो कि व्यक्ति के बीमार, क्षतिग्रस्त या अक्षम होने के कारण समाप्त या बाधित हो गयी हैं। इन सेवाओं में बहुत से इनपेशेंट तथा/अथवा आउट-पेशेंट समायोजन में शारीरिक तथा व्यावसायिक उपचार, वाक्-भाषा पैथोलॉजी तथा मनोविकृति संबंधी स्वास्थ्यलाभ सेवाएं शामिल हो सकती हैं।

**विशेषज्ञ**

एक चिकित्सक विशेषज्ञ जो कुछ प्रकार के लक्षणों तथा स्थितियों का निदान करने, उन्हें प्रबंधित करने, रोकने या उपचार करने के लिए दवाई के विशिष्ट क्षेत्र या रोगियों के समूह पर ध्यान केन्द्रित करता है। एक गैर-चिकित्सक विशेषज्ञ एक ऐसा प्रदाता होता है जिसे स्वास्थ्य देखभाल के विशिष्ट क्षेत्र में अधिक प्रशिक्षण प्राप्त होता है।

UCR (**सामान्य, प्रचलित तथा यथोचित**)

किसी भौगोलिक क्षेत्र में चिकित्सीय सेवा के लिए भुगतान की जाने वाली राशि जिसके आधार पर क्षेत्र का प्रदाता सामान्यतः उस चिकित्सीय सेवा या समान चिकित्सीय सेवा के लिए शुल्क लेता है। UCR राशि का उपयोग कभी-कभी अनुमत राशि को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

**तत्काल देखभाल**

किसी बीमारी, चोट, लक्षण या हालत का इतना गंभीर होना कि किसी विवेकी व्यक्ति को तुरंत देखभाल प्राप्त करनी पड़े, लेकिन इतनी गंभीर

| | |
|---|---|
| ना होना जिसके लिए आपातकालीन कक्ष की देखभाल की आवश्यकता | हो। |